भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1044
गुरुवार, 05 फ़रवरी, 2026/16 माघ, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय में रिक्त पद

1044. श्रीमती माला राय:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 15.01.2026 की स्थिति के अनुसार नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) में अधिसूचित स्वीकृत पदों की कुल संख्या कितनी है; और
(ख) 15.01.2026 की स्थिति के अनुसार विभिन्न स्तरों पर रिक्त पदों की कुल संख्या कितनी है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): दिनांक 15.01.2026 को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) में स्वीकृत पदों की कुल संख्या 1630 है। डीजीसीए के पुनर्गठन के भाग के रूप में वर्ष 2022 से वर्ष 2024 की अवधि के दौरान 1630 पदों में से 441 पद (426 तकनीकी पद और 15 गैर-तकनीकी पद) सृजित किए गए हैं।

(ख) नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) में विभिन्न स्तरों पर रिक्त पदों की संख्या 787 है। नागर विमानन महानिदेशालय में इन रिक्त पदों को भरने के लिए समय-समय पर समुचित कदम उठाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, पिछले 4 महीनों में नागर विमानन महानिदेशालय में कार्मिकों को सुदृढ़ बनाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i. 15 अधिकारियों / कार्मिकों तथा 09 उड़ान प्रचालन निरिक्षक (एफओआई) ने कार्यभार ग्रहण किया है।
ii. 31 अधिकारियों की डीपीसी पूरी हो गई है।
iii. 164 तकनीकी अधिकारियों, 1 एफओआई तथा 3 आशुलिपिकों का भर्ती हेतु चयन किया गया है।
iv. विभिन्न संवर्गों के 94 पदों के लिए डीआर प्रस्ताव की प्रक्रिया विभिन्न चरणों पर है।

ऐसी स्थितियों में जहां विभिन्न कारणों जैसे विज्ञापनों पर अपर्याप्त प्रतिउत्तर, चयनित उम्मीद्वारों द्वारा कार्यभार ग्रहण न किया जाना, प्रतिनियुक्ति पदों पर अपर्याप्त प्रतिउत्तर आदि के कारण पद रिक्त हैं और अंतर्काल की अपेक्षा को पूरा करने के लिए अल्पावधि संविदागत हायरिंग के माध्यम से व्यक्तियों की भर्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

******